प्रेषक,

सं-2680/ /33-3-2015/56/2015

चंचल कुमार तिवारी,
प्रमुख सचिव,
पंचायतीराज विभाग,
उ0 प्र0 शासन।

सेवा में,

1-समस्त मण्डलायुक्त
उत्तर प्रदेश।

2-समस्त जिलाधिकरी,
उत्तर प्रदेश।

पंचायतीराज अनुभाग-3 लखनऊ दिनांकः 06 नवम्बर, 2015

विषयः स्वास्थ्य एवं पोषण मिशन अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित होने वाली ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस (वी0एच0एन0डी0) में ग्राम स्तर पर क्रियाशील ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एंव पोषण समिति (वी0एच0एन0एस0सी0) की सक्रिय भूमिका के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्याः 145/पॉच-9-2015-9-(127)/12 दिनांक 28 जनवरी, 2015 एवं पत्र संख्याः 146/पॉच-9 -2015-9-(127)/12 दिनांक 28 जनवरी, 2015 (प्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा ग्राम पंचायतों में सामुदायिक स्तर पर संचालित किये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस एक प्रमुख कार्यक्रम है। ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस प्रथम पंक्ति के तीनों कार्यकत्री एवं ए.एन.एम. साझा मंच प्रदान करती है, जिसके द्वारा विशेषकर समुदाय की माता एंव बच्चे को स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी जानकारी दिया जाता है।

मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन द्वारा जारी उक्त शासनादेश में विभिन्न विभागों के लिए भी उत्तरदायित्व निर्वाहन करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त शासनादेश के पारा 6.3 में पंचायतीराज विभाग हेतु निम्नवत् अपेक्षा की गयी हैः-

"ग्रामीण स्तर पर उक्त कार्यक्रम की सफलता में ग्राम पंचायतों का सकारात्मक सहयोग अत्यन्त आवश्यक होगा। पंचायतीराज विभाग ग्राम प्रधानों के माध्यम से ग्राम स्तर पर आयोजित किये जाने वाले सभी स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस हेतु समुदाय को प्रेरित करेंगे, जो सत्र उपकेन्द्र अथवा आंगनबाड़ी केन्द्र के अतिरिक्त आयोजित किये जा रहे है, उनके लिए स्थान एंव लॉजिस्टिक आदि का व्यवस्था में यथायोग्य सहायता प्रदान करेंगे। ब्लाक जिला तथा राज्य स्तर पर आयोजित किये जाने वाली समीक्षा बैठकों में पंचायतीराज विभाग के सक्षम स्तर के अधिकारी प्रतिभाग सुनिश्चित करेंगे।"

अतः इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश प्राप्त हुआ है कि ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस (वी0एच0एन0डी0) में ग्राम स्तर पर क्रियाशील ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एंव पोषण समिति (वी0एच0एन0एस0सी0) के माध्यम से प्रभावी भूमिका निभाते हुए उक्त का परिपालन सुनिश्चित कराया जाय, जिससे ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं एवं बच्चों में स्वास्थ्य पोषण एवं स्वच्छता के संबंध में ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित किया जा सके।

भवदीय

(चंचल कुमार तिवारी,
(प्रमुख सचिव)

d:\hly (s)\2014-15 & 2015-16 mislenius letter & other-(s) new.doc

संख्या:5/ /1/2015 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:

1–मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
2–प्रमुख सचिव, पंचायतीराज विभाग, उ0प्र0 शासन।
3–प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण, उ0प्र0 शासन।
4–प्रमुख सचिव, बाल कल्याण विभाग, उ0प्र0 शासन।
5–प्रमुख सचिव, बेसिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
6–महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाऐं, उत्तर प्रदेश।
7–महानिदेशक, राज्य पोषण मिशन, उत्तर प्रदेश।
8– समरत मण्डलीय उपनिदेशक(पं0), उत्तर प्रदेश।
9–समस्त जिला पंचायतराज अधिकरी, उत्तर प्रदेश।

आज्ञा से

(महेन्द्र कुमार)
विशेष सचिव